गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>पन्तनगर विश्वविद्यालय एवं सीएसयू, आस्ट्रेलिया के मध्य एमओयू</u>

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में चौरलोस स्टर्ट यूनिवर्सिटी (सीएसयू), न्यू साउथ वेल्स, आस्ट्रेलिया एवं गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। एमओयू पर हस्ताक्षर पन्तनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं सीएसयू की उप कुलपति डा. नीना मित्तल द्वारा किया गया। इस एमओयू से दोनों विश्वविद्यालय के बीच शिक्षण एवं शोध में प्रगाढ़ता आयेगी तथा संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का अदान–प्रदान भी होगा। डा. नीना मित्तल ने कहा कि सीएसयू चार शोध छात्रों पर आने वाले व्यय को वहन करने के लिए तैयार है।

इस अवसर पर मेलबर्न यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया के सह प्राध्यापक एवं आस्ट्रेलिया एसोसिएशन ऑफ एनिमल साइंसेस के उपाध्यक्ष डा. सुरिन्दर सिंह चौहान तथा प्रोफेसर इआन ब्लांन उपस्थित थे। डा. सुरिन्दर सिंह चौहान ने मेलबर्न विश्वविद्यालय में शोध एवं शिक्षण के लिए उपलब्ध सुविधाओं के ऊपर प्रकाश डाला तथा कृषि एवं खाद्य विज्ञान विषय में स्नातक छात्रों के लिए डुवल डिग्री प्रोग्राम के लिए एमओयू हस्ताक्षर करने पर संभावना व्यक्त की। इस अवसर पर विचार–विमर्श के दौरान विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता एवं निदेशगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिव प्रसाद के देख–रेख में डा. अनीता एवं डा. स्नेहा दोहरे द्वारा किया गया।

एमओयू के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं सीएसयू के उप कुलपति डा. नीता मित्तल।

निदेशक संचार